आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने जसवां–परागपुर क्षेत्र में करोड़ों रूपये की विकास योजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास– मछुआरा परिवारों को वित्तीय सहायता आबंटित।
- कांगड़ा ज़िले के देहरा में स्थापित होगी प्रदेश की पहली ओज़ोन आधारित पेयजल उपचार परियोजना– सरकार ने जारी की 46 करोड़ रूपये की राशि।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केन्द्र द्वारा दी जा रही धनराशि का सदुपयोग करने में नाकाम रहने का लगाया आरोप।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे विचार।
- सुजानपुर में बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने मारी बाज़ी– वरिष्ठ भाजपा प्रवक्ता राजेन्द्र राणा ने बताया लोकतंत्र की जीत।

मत्स्य सम्मान योजना

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा ज़िले में करोड़ों रूपये की विकास योजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए। इनमें जसवां–परागपुर क्षेत्र के बाड़ी में 95 लाख रूप्ये से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण और लगभग 5 करोड़ रूपये की अनेक सड़कों का शिलान्यास भी शामिल हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने डाडासीबा में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्मान निधि योजना के तहत एक हज़ार 12 मछुआरा परिवारों को 35 लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की। इस दौरान प्रत्येक परिवार के बैंक खाते में डी.बी.टी के माध्यम से 3 हज़ार 5 सौ रूपये की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री ने डाडासीबा में नया एसडीएम कार्यालय खोलने का ऐलान किया। उन्होंने कस्बा–कोटला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 24 घंटे संचालित करने का ऐलान भी किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार 2 अक्तूबर को मुख्यमंत्री का अपना परिवार–सुखी परिवार योजना शुरू करेगी। इस योजना के तहत प्रदेश में लगभग 90 हज़ार परिवारों की पहचान की गई है जिन्हें अभी तक सरकार की किसी भी कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिला है। इसके माध्यम से इन परिवारों को लगभग दो–दो लाख रूपये की सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री ने कांगड़ा ज़िले के देहरा क्षेत्र में प्रदेश की पहली ओज़ोन आधारित पेयजल उपचार परियोजना स्थापित करने की घोषणा की है। देहरा विधानसभा क्षेत्र के बड्डल थोर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य सरकार ने 46 करोड़ रूपये की राशि आबंटित की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की जल उपचार परियोजनाएं स्थापित की जाएगी।

राष्ट्रीय खेल दिवस

आज राष्ट्रीय खेल दिवस है। ये दिवस महान हॉकी खिलाड़ी पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। यह दिन भारत की समृद्ध खेल विरासत का उत्सव मनाने का प्रतीक है। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने सभी लोगों से प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक घंटा खेल के मैदान पर बिताने और खुद को स्वस्थ रखने का आह्वान किया।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार प्रभावी कदम उठा रही है और पौधरोपण को जनआंदोलन बनाया गया है। उन्होंने आज कांगड़ा ज़िले के ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की सिद्धपुरघाड़ पंचायत में 77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने आम का पौधा रोपित किया और सभी लोगों से पौधरोपण में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केन्द्र द्वारा दी जाने वाली धनराशि का सदुपयोग करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि निशुल्क दवा नीति के तहत केन्द्र सरकार करोड़ों रूप्ये हिमाचल को दे रही है लेकिन कांग्रेस सरकार की विफलता के कारण बेहतर ईलाज के अभाव में लोग अपनी जान गवां रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भरपूर आर्थिक मदद देने के बावजूद भी राज्य सरकार केन्द्र पर दोषारोपण कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के गरीब परिवार सरकारी अस्पतालों पर ही निर्भर है लेकिन दवाईयां उपलब्ध न होने पर उन्हें मजबूरन बाहर से महंगी दवाईयां खरीदनी पड़ रही है।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि राज्य सरकार के व्यवस्था परिवर्तन से समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के भराड़ी में मुख्यमंत्री अपना परिवार–सुखी परिवार योजना के तहत एक जनसंवाद कार्यक्रम में 6 पंचायतों के लोगों से संवाद किया। उन्होंने जन–शिकायतें भी सुनी और अधिकारियों को इनके जल्द समाधान के निर्देश दिए। राजेश धर्माणी ने बताया कि अपना परिवार–सुखी परिवार योजना के तहत अति निर्धन परिवारों का चयन अंतिम चरण में है और 75 हज़ार रूपये से कम वार्षिक आय वाले परिवार योजना के तहत 20 सितम्बर तक आवदेन कर सकते हैं। इससे पहले राजेश धर्माणी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मरहाणा में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्रों की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि स्कूल में 5 लाख रूपये से स्टेज का निर्माण होगा और खेल मैदान में चार सोलर लाईटें स्थापित की जाएंगी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़.ऑन.एआईआर मोबाइल ऐप पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा।

सुजानपुर बीडीसी

हमीरपुर ज़िले के सुजानपुर में बीडीसी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने बाजी मारी है। आज हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित सुरेश चंद और उपाध्यक्ष पद पर रंजना कुमारी ने जीत हासिल की। वरिष्ठ भाजपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक राजेन्द्र राणा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि तीन महीने के इंतजार के बाद इनका चुनाव हुआ है। राजेन्द्र राणा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने जानबूझ कर चुनाव को लटकाए रखा लेकिन अब लोकतंत्र की जीत हुई

है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो गया है कि जनता का राज्य सरकार से मोह भंग हो गया है।

<u>जनगणना</u>

प्रदेश के बर्फबारी वाले इलाकों में जनगणना का दूसरा चरण पहली सितम्बर से शुरू हो रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा और अन्य सामाजिक पहलुओं से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। सिरमौर ज़िले में भी नौहराधार क्षेत्र के बर्फबारी प्रभावित 10 गांवों में इस दौरान जनगणना की जाएगी। उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने सभी लोगों से जनगणना कार्य में सहयोग की अपील की है।